जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-33 | जयपुर, सोमवार, 6 सितम्बर, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## हिन्दुओं को 3 साल की क़ैद की सजा का दिखाया डर, जांच में जुटी पुलिस

# मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही पोस्ट

जयपुर (नि.सं.)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान सरकार के नाम से एक पोस्ट सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रही है। लाल और नीले रंग की पुलिस जैसे दिखने वाले इस कंटेंट को स्टीकर टैक्स्ट के साथ एक महत्वपूर्ण सूचना नाम से फैलाया गया है। अफवाह फैलाने वाली इस सूचना में आईपीसी की धारा 427 और 2/3 पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1985 के तहत तीन साल की क़ैद की सजा का लोगों को डर दिखाया जा रहा है। इस सूचना में मस्जिद या मदरसा के स्टाफ से मिसबिहेव करने, वहां की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने, मस्जिद या मदरसा और वहां के स्टाफ के कामों में रुकावट डालने और वहां के किसी सदस्य को डराने-





धमकाने पर तीन साल की क़ैद की सजा होने की बात लिखी गई है। साथ ही नीचे लिखा है कि यह सब अब ग़ैर ज़मानती अपराध हैं। सोशल मीडिया पर तेज़ी से फैलते इस मैसेज को फेक बताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी ने खुद एक ट्वीट किया है। जिसमें लिखा है कि राजस्थान के लिए ऐसे झूठे और भ्रम फैलाने वाली बातें वायरल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से निवेदन किया है कि इस तरह की गलत पब्लिसिटी में शामिल होने से बचें। यह आगे और न फैले इसमें भी मदद करें।

## पोस्ट में भी धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश

इसके साथ ही एक पोस्ट भी चल रही है जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को संविधान में नया कानून लागू करने के लिए बहुत बहुत बधाई देते हुए लिखा है, इस कानून के लागू होने से अराजक तत्वों को सबक मिलेगा। इतना ही नहीं पोस्ट में यह भी अफवाह फैलाई गई है कि आईपीसी की धारा में मदरसा या मस्जिद को लेकर निर्णय लेकर इस्लाम के सभी लोगों को राहत पहुंचाने का एक शानदार गिफ्ट हिन्दुओं को जन्माष्टमी पर दिया गया है। अब अगर जिहादी आपके घर के आगे मजार या मस्जिद बनाते हैं और आप उनको रोकते हैं, तो 3 साल के लिए आपको सीधे जेल होगी। कोई ज़मानत नहीं। आप आगे भी कांग्रेस को वोट देकर अपने घर में ही मजार बनवा सकते हो, वो भी फ्री में।

इस भाईचारे का सारा श्रेय सेक्यूलर हिन्दुओं को जाता है। गहलोत सरकार का सभी सेकुलर हिन्दुओं की तरफ से आभार प्रकट करते हैं। सारे सेक्युलर हिन्दू गहलोत सरकार से उम्मीद रखते हैं कि वो ऐसे ही हिन्दुओं की जड़ें आगे भी खोदते रहें। इस सुन्दर काम के लिए सेकुलर हिन्दुओं का वोट आपके लिए पक्का समझें।

# रीट परीक्षा 2021 के परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी

जयपुर (हमारा वतन) करीब तीन सालों से रीट अध्यापक पात्रता परीक्षा की तैयारी में जुटे परीक्षार्थियों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। 31 हजार पदों पर आयोजित होने वाली रीट अध्यापक पात्रता परीक्षा 26 सितम्बर को आयोजित होने जा रही है। परीक्षा में करीब 16 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसी परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए दिशा निर्देश जारी हुए है।

**REET 2021**

रीट परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में घड़ी, चेन, अंगूठी, कान के टॉप्स, लॉकेट या किसी भी प्रकार के आभूषण पहन कर नहीं जा सकते है। इन सभी आभूषणों के पहनने पर रोक रहेगी, इसके आलावा पर्स, हैंडबैग या डायरी लाने पर भी रोक है। अगर परीक्षार्थी अपने साथ इनमें से कुछ भी लाते हैं तो उन्हें इसे परीक्षा केंद्र के बाहर रखना होगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी भी परीक्षार्थी की ही होगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। केंद्र पर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे कि मोबाइल, ब्लूटूथ, केलकुलेटर आदि लाने पर भी रोक है। इनमें से कोई भी वस्तु अगर परीक्षार्थी के पास मिली तो उन पर अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम 1992 (Prevention of Unfair Means Act 1992) के तहत कार्रवाई होगी। परीक्षार्थियों को अपने साथ पानी की पारदर्शी बोतल लेकर आने की अनुमति होगी।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार ऐसे परीक्षा केंद्र जहां पर इंटरनेट की सुविधा है, उन केंद्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचने से कम से कम दो घंटे पहले ही इंटरनेट सुविधा को बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा वाले दिन परीक्षा केंद्र पर कक्षाओं, कोचिंग या हॉस्टल का संचालन नहीं होगा।

20 सितंबर से बोर्ड कार्यालय में केंद्रीय कंट्रोल रूम शुरु होगा, जो 22 सितंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक और 23 सितंबर से 27 सितंबर तक सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक कार्यरत रहेगा। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 0145-263436 और 2630437 है। इसके अलावा जिला कंट्रोल रूम की भी स्थापना होगी। सभी जिला कलेक्टर कार्यालयों और जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कार्यालय में 25 सितंबर सुबह 6 बजे से 26 सितंबर को परीक्षा समाप्ति तक और परीक्षा सामग्री संबंधित जिले से अजमेर कार्यालय के लिए रवाना होने तक कार्यरत रहेंगे। परीक्षा के एडमिट कार्ड परीक्षा तिथि से 10 से 12 दिन पूर्व जारी होंगे।

# अजय चौहन प्रदेश महासचिव मनोनीत

जालोर (हमारा वतन) राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल डेनवाल एवं राष्ट्रीय महासचिव रामपाल दहिया ने गांव सरदारगढ़ जालोर जिले के अजय चौहन को राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ राजस्थान प्रदेश महासचिव पद पर मनोनीत किया गया है।



अजय चौहन को राजस्थान प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय सर्व मेघवंश महासभा (इण्डिया) के अधिकारी कर्मचारी महासंघ मनोनीत करने पर जालोर जिले में ही नहीं अपितु पूरे राजस्थान में व प्रवासी राजस्थानियों में खुशी की लहर है। इस मौके अजय चौहान को सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयां देने का सिलसिला जारी है।

# भारत ने बनाई दुनिया की सबसे ऊँची सड़क

लेह (हमारा वतन) लद्दाख में भारत ने दुनिया की सबसे ऊंची सड़क तैयार की है। 18,600 फीट की ऊंचाई पर बनी यह सड़क लेह (जिगराल-तांगत्से) से केला दर्रे को पार कर पैंगॉन्ग झील तक 41 किलोमीटर की दूरी कम कर देगी। इसे सेना की 58 इंजीनियर रेजिमेंट ने तैयार किया है। सड़क को आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। लद्दाख के बीजेपी सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल ने इसका उद्घाटन किया। नामग्याल ने कहा कि यह सड़क सामरिक के साथ पर्यटन के नजरिए से भी काफी अहम है। उन्होंने कहा कि जिस सड़क का उद्घाटन किया गया, वह 18,600 फुट की ऊंचाई पर बनी दुनिया की वाहन चलाने लायक सबसे ऊंची सड़क होगी। अब तक, खारदुंगला दर्रा 18,380 फुट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची सड़क थी। उन्होंने कहा कि यह सड़क भविष्य में स्थानीय निवासियों, विशेष रूप से लद्दाख के लालोक क्षेत्र के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देने में एक प्रमुख भूमिका निभाएगी, क्योंकि इससे पर्यटन की सुविधा होगी। नामग्याल ने कहा कि इससे टूरिस्ट दुनिया की सबसे ऊंची वाहन चलाने योग्य सड़क, दुर्लभ औषधीय पौधे, स्नो स्पोर्ट गतिविधियों में भाग लेने, खानाबदोश पशुओं, झीलों और अन्य आकर्षणों को देखने में सक्षम होंगे।





इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल पी जी के मेनन, जनरल ऑफिसर कमांडिंग 14वीं कॉर्प, ताशी नामग्याल याक्जी और स्टैनजिन चोस्पेल, कार्यकारी पार्षद वेन लामा कोंचोक त्सेफेल, लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद, लेह के पार्षद मौजूद रहे।

# राजेंद्र चौधरी ने 41 वीं बार रक्तदान कर बचाई जिंदगी

फागी (हमारा वतन) रक्त दान जीवनदान फाउंडेशन के संह सचालक राजेंद्र चौधरी ने अपने जीवन का 41 वाँ रक्त दान कर जिंदगी बचाई है। रक्त दान जीवनदान फाउंडेशन ने अब-तक सैकड़ों रक्त दाताओं के सहयोग से हजारों असहाय जरुरतमंद लोगों को ब्लड उपलब्ध करवाकर हजारों लोगों का जीवन बचाया है।

फाउंडेशन के संहसचालक सदस्य राजेंद्र चौधरी मांदी ने (महिला) डिलीवरी के दौरान महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचकर एक महिला के लिए रक्त दान किया। इससे पहली रात रक्त वीर शोकिन मीणा ने अपना दसवां एबी नेगेटिव ब्लड रामकरण जोशी राजकीय अस्पताल दौसा में रक्त दान कर मानवता का धर्म निभाया।



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal

मोनिका प्रिन्टर्स

WE DESIGN, PRINT & PROMOTE...YOU! थाना मोड़, चौमूँ

फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर/पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई-कार्ड

हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है

तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।

एक बार सेवा का मोका अवश्य दें

Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192

monikaprinters68@gmail.com

# 5 सितम्बर शिक्षक दिवस विशेष



दुनियाभर में शिक्षक दिवस को महत्वपूर्ण दिन के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि यह गुरू के सम्मान में मनाया जाने वाला दिन है, जिसे किसी फेस्टिवल की तरह ही सेलिब्रेट किया जाता है। हालांकि, इंटरनेशनल टीचर्स डे 05 अक्टूबर को सेलिब्रेट किया जाता है, जिसकी घोषणा साल 1994 को यूनेस्को ने की थी। लेकिन भारत में इसे 05 सितंबर को मनाया जाता है। इसके पीछे की कहानी बड़ी दिलचस्प है, आप जानेंगे तो महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को सलाम करेंगे।

आमतौर पर यह सभी जानते हैं कि, भारत के पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी में हुआ था। उन्हीं की याद में इस तारीख को हम शिक्षक दिवस के रूप में सेलिब्रेट करते हैं।

**शिक्षक दिवस का इतिहास**


दरअसल, 05 सितंबर अपने जन्मदिन पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति (1962-1967) डॉ राधाकृष्णन कार्यालय पहुंचे थे। वहां मौजूद उनके कुछ छात्रों और दोस्तों ने इस दिन को खास अंदाज में सेलिब्रेट करना चाहते थे। डॉ. राधाकृष्णन ने किसी तरह के तामझाम और स्पेशल करने से साफ इनकार कर दिया। लेकिन उन्होंने अपने छात्रों से कहा कि अगर वे इस दिन खास बनाना ही चाहते हैं तो देश के शिक्षकों के लिए मनाएं। और इस तरह भारत में 05 सितंबर से शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा।

**शिक्षक दिवस का महत्व**

यह दिन सभी शिक्षकों के सम्मान और आभार प्रकट करने का दिन है। देशभर में, स्कूल, कॉलेज, हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूट से लेकर कोचिंग सेंटर्स तक में डॉ राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि देकर इस दिन शिक्षक दिवस को मनाया जाता है। कई छात्र अपने शिक्षकों को कार्ड और गिफ्ट देकर उनकी सराहना और आभार प्रकट करते हैं।

**कोविड-19 के कारण बदल रहा है टीचर्स डे सेलिब्रेशन**

पिछले साल, कोरोना वायरस (COVID 19) महामारी के कारण स्कूल, कॉलेज और बाकी शिक्षण संस्थान पर ताला लगा था। बावजूद इसके, छात्रों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने शिक्षकों को टीचर्स डे की बधाई दी। हालांकि, इस साल कोविड-19 के कम होते संक्रमण को देखते हुए स्कूल, कॉलेजों को फिर से खोला जा रहा है।



## (कविता) गुरु बिन ज्ञान कहाँ



योगिता शर्मा
जयपुर

गुरु बिन ज्ञान कहाँ
बन कर ध्रुव तारा
करते मार्ग प्रशस्त
होता विद्यार्थी मन आश्वस्त
शिष्य जीवन अंधियारा
पल में करदे दूर सारा
गुरु बिन ज्ञान कहाँ
हो मन का भटकाव
या जीवन से अलगाव
जीवन जीना सिखाते गुरु
जब लक्ष्य न सूझता
शिक्षक बनता पथ प्रदर्शक
गुरु बिन ज्ञान कहाँ

बिन गुरु सदैव अँधियारा
जब तक न मिले गुरु सहारा
गुरु के अनुदान के
हैं परिणाम निराले
गुरु चरणों में शीश नवाओ
गुरु बिन ज्ञान कहाँ
हे मनुष्य! सुन ले वाणी सकल
न कर अभिमान धन बल का
गुरु के अनुबंध से
टूटते सारे भवबंधन
सारा जीवन है नीरस बिन गुरु
गुरु बिन ज्ञान कहाँ

## उदयवीर सिंह यादव को मिला यूथ आइकॉन ब्रांड एम्बेसडर का सम्मान




जयपुर (हमारा वतन) यूथ आइकॉन अवार्ड का सम्मान समारोह रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला आडिटोरियम प्रताप नगर जयपुर में सम्पन्न हुआ।

सेना के जांबाज भूतपूर्व सैनिक नायक उदयवीर सिंह यादव के सामाजिक और उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए यूथ आइकॉन ब्रांड एम्बेसडर का सम्मान रिंकू सिंह गुर्जर द्वारा प्रदान किया गया। उदयवीर को पुष्प का गुलदस्ता देकर मंच पर ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर आमंत्रित किया गया। सम्मान स्वरूप प्रस्तति पत्र, मोमेंटो दिया गया।

उदयवीर सिंह यादव द्वारा यूथ आइकॉन के अवार्डीज को भी सम्मानित करने का अवसर मिला। भूतपूर्व नायक उदयवीर सिंह यादव अब यूथ को मोटिवेट करते हैं।



## प्रकृति की धरोहर है हम : पर्यावरणविद् डॉ त्रिलोक सोनी

उत्तराखंड (हमारा वतन) पर्यावरणीय संतुलन बनाने के लिए, जनता इण्टर कालेज नयागांव मलहान में पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी के नेतृत्व में तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश दत्त सेमवाल की अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में मोरपंखी, तुलसी के पौधों का रोपण किया और प्रधानाचार्य को मोरपंखी का पौधा उपहार में भेंट भी किया।

वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा ये प्रकृति हमारी जगत जननी हैं जो हमारी जीवन शैली को चलाती हैं मनुष्य की भोगवादी प्रवृत्ति ने इस प्रकृति को अपने अधीन कर इसका स्वामी समझ लिया है जो चिंतनीय हैं हमें इस धरती की सेवा करके पर्यावरण संतुलन बनाने के क्षेत्र में कार्य करना चाहिए तभी प्राकृतिक संसाधन बच पाऐंगे अन्यथा जिस प्रकार से पर्यावरण का दोहन किया जा रहा है ।

आने वाले समय में बहुत पढ़ी दिक्कतों का सामना हमारे आने वाली पीढ़ी को करना पड़ेगा। बारिश के मौसम में बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ जैसे आपदाएं होती हैं जिसमे मानव जीवन असुरक्षित होता जा रहा है।

पौधारोपण में हिमांशु ठाकुर, दिनेश रतूड़ी, महिपाल सिंह, यशपाल, आशुतोष, रिया, राशिका, करन आदि रहे ।

## मदर फादर फाउंडेशन की प्रदेश स्तर की हुई बैठक

उदयपुर (हमारा वतन) मदर फादर फाउंडेशन राजस्थान उदयपुर जिला अध्यक्ष आकाश सिंह सिसोदिया ने बताया की जन्माष्टमी के पावन पर्व पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप मेघवाल की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय का एक दिवसीय बैठक का आयोजन खारोल कॉलोनी उदयपुर में किया गया ।

बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सलाहकार अशोक यादव ने फाउंडेशन की विभिन्न गतिविधियों एवं किए जा रहे कार्यों पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि हमें आज की युवा पीढ़ी एवं माता पिता के बीच में जो अंतर आया है उसको आपसी सामंजस्य से किस तरह दूर किया जाए पर विचार व्यक्त करते हुए स्वरोजगार एवं सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया ।

बैठक के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव अजय चौहान ने भी अपने उद्बोधन में बताया




कि फाउंडेशन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प, नशा मुक्त भारत जागरूक कार्यक्रम, शिक्षा कार्यक्रम, महिलाओं का सम्मान, बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।

फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप मेघवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि हमें आज की युवा पीढ़ी जो माता-पिता से विमुख होकर घूमती है जो नशे की प्रवृत्ति की ओर अग्रसर हो रही है जिससे स्वयं एवं घर का विनाश हो रहा है ऐसे युवाओं को जागरूक करने का प्रयास करना, परिवार जोड़ने का कार्य करना, संयुक्त परिवार एवं समाज में रहने से ही संस्कारों का उद्भव होता है ।

## झलकन सिंह राठौड़ ने निर्मेश वेलफेयर फाउंडेशन का किया शुभारंभ



जयपुर (हमारा वतन) राज्य में निर्मेश वेलफेयर फाउंडेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजस्थान होमगार्ड कर्मचारी संगठन के प्रदेशाध्यक्ष झलकन सिंह राठौड़ ने फीता काटकर किया । अजमेर रोड स्थित कमला नेहरू नगर में मुख्य कार्यालय का उद्घाटन किया, जिसमें निर्मेश वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव नीलम चौबीसा , क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की जिला अध्यक्ष सूरज कंवर , नौसाद खान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## पंडित रविन्द्राचार्य ने उपाध्यक्ष रवि राज वर्मा का मनाया जन्मदिन



चौमूं (हमारा वतन) गोविन्दगढ़ के अणतपुरा चिमनपुरा निवासी और महात्मा ज्योतिबा फुले फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रवि राज वर्मा का जन्मदिन अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने जयपुर रोड स्थित नव दुर्गा मंदिर में मनाया । पंडित रविंद्र आचार्य ने इस दौरान रवि राज वर्मा को बाबा श्याम का दुपट्टा, श्याम कलम और गुलदस्ता भेंटकर उज्जवल भविष्य की कामना की ।

साथ ही लोगों से अपील की कि भारतीय संस्कृति के अनुसार अपना जन्मदिन मनाएं और केक व मोमबत्ती की जगह दीपक जलाकर जन्मदिन का त्यौहार मनाए । रवि राज वर्मा ने भी सभी युवाओं से भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन मनाने की अपील की ।

इससे पूर्व नव दुर्गा मंदिर पुजारी पंडित धर्मपाल दुबे ने स्वस्तिवाचन कर, तिलक लगाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी । जन्मदिन के अवसर पर महेंद्र मोहन तिवारी, जय नारायण शर्मा बांसा, अशोक कुमार बुनकर, विष्णु वर्मा , डॉ रमेश चौधरी, प्रिया वर्मा, हर्षिता, मनीष आदि लोग मौजूद रहे ।

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सांख्यिकी अधिकारी, पद संख्या 41, अंतिम तिथि 2 अक्टूबर 2021
2. बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 190, अंतिम तिथि 19 सितंबर 2021
3. असम राइफल रैली भर्ती, पद ग्रुप बी सी, पद संख्या 1230, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2021
4. भारतीय डाक विभाग उत्तर प्रदेश उत्तराखंड, पद ग्रामीण डाक सेवक जीडीएस, पद संख्या 4845, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2021
5. उत्तराखंड सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन कमिशन, पद फॉरेस्ट गार्ड, पद संख्या 894, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2021
6. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद फायरमैन, असिस्टेंट फायर ऑफिसर, पद संख्या 629, अंतिम तिथि 16 सितंबर 2021
7. उत्तराखंड पब्लिक सर्विस कमिशन, पद एपीओ, पद संख्या 63, अंतिम तिथि 17 सितंबर 2021
8. राजस्थान स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड, पद कंप्यूटर, पद संख्या 250, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2021

# अमायरा दस्तूर की बिकिनी फोटो देख भड़के यूजर्स, बोले- इनको अफगानिस्तान भेजो

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस की कई बोल्ड फोटोशूट आए दिन वायरल होते दिखाई दे जाते हैं। वहीं, हाल ही में अभिनेत्री अमायरा दस्तूर कुछ ऐसे ही कारणों से चर्चाओं में आ गई हैं। उन्होंने अपने सोशल एकाउंट पर बेहद बोल्ड बिकिनी फोटोज शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर जबरदस्त ट्रेंड होती दिखाई दे रही हैं। अमायरा इन तस्वीरों में सिजलिंग अवतार में नजर आ रही हैं। इन फोटोज की वजह से अमायरा ट्रोल्स के निशाने पर भी आ गई हैं। कई लोग उनकी तस्वीरों पर भद्दे कमेंट्स करते दिखाई दे रहे हैं।



**बिकिनी में आई नजर-** अमायरा दस्तूर की ये बिकिनी फोटोज इंटरनेट पर हलचल मचा रही हैं। उनकी ये फोटोज विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर शेयर की हैं। इन फोटोज में अमायरा ग्रे प्रिटेड बिकिनी में दिखाई दे रही हैं। उन्होंने बिकिनी के साथ एक हैवी नेकपीस भी पहन रखा है। वहीं इस फोटो में वो पानी में खड़ी सिजलिंग पोज देती दिखाई दे रही हैं। इन फोटोज में उनकी मुस्कुराहट चार चांद लगा रही है।

**लोगों ने किए ऐसे कमेंट्स-** इन फोटो पर मिल रहे कमेंट्स को देखें तो जहां एक तरफ कई लोगों को अमायरा का ये अंदाज खूब पसंद आ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कई लोग भड़कते भी दिखाई दे रहे हैं।


# कृति सनोन का लुकः क्या शादी करने का सोच रही है एक्ट्रेस

बीते पांच सालों में बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाने वाली बरैली की बर्फी कृति सनोन का बोल्ड लुक और फुल कॉन्फिडेंस हमेशा से उनको आगे रखता है अपटूडेट एंड फ्रेश तभी तो कृति सेनन जब भी कोई भी अवतार में नज़र आती है हर किसी को अपना दीवाना बना देती है कृति का हमेशा से स्टाइल स्टेमेंटअच्छा ही रहा है। फिर चाहें उनका साड़ी लुक हो या फिर कैजुअल आउटिंग लुक हाल ही में हुए इंडिया कॉउचर वीक 2021 का धमाकेदार अंदाज़ के साथ फैशन डिज़ाइनर मनीष मल्होत्रा की कलेक्शन के साथ कृति ने एंट्री मारी जिसमें कृति सेनन एकदम नयी नवेली दुल्हन के अवतार में नजर आ रही थी। कृति ने काफ़ी हैवी एम्ब्रोडरी वाला लाल लहंगा अपने लिए चुना था जिसमें वे लग रही थी बोल्ड एंड ब्यूटीफुल। उनकी कई सारी तसवीरें इंटरनेट पर वायरल भी हुई और उनके फेन्स ने उनके इस अंदाज़ को पसंद भी किया पर जब कृति ने एक तस्वीर को अपने Koo के ऑफिशियल हैंडल @KritiSanon से शेयर किया तो उनके फेन्स काफ़ी हैरान भी हो गए।



# हॉलीवुड में सिक्का जमाने की तैयारी में दीपिका पादुकोण, साइन की दूसरी फिल्म

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड में तो छाई ही हुई हैं। एक बार फिर से वह हॉलीवुड की ओर ध्यान दे रही हैं। करीब साढ़े चार साल पहले उन्होंने विन डीजल के साथ फिल्म xxx: Return of Xander Cage से हॉलीवुड में डेब्यू किया था। अब दीपिका ने अपनी अगली हॉलीवुड फिल्म का एलान कर दिया है। उन्होंने एसटीएक्स फिल्म्स के लिए एक रोमांटिक-कॉमेडी साइन की है। दीपिका इस फिल्म की को-प्रोड्यूसर भी होंगी। 'का प्रोडक्शन' के बैनर तले उनकी आगामी फिल्म का निर्माण होगा।



**अच्छे कंटेट को बढ़ाना है उद्देश्य-** फिल्म को लेकर दीपिका ने कहा कि 'का प्रोडक्शन का उद्देश्य ग्लोबल स्तर पर अच्छे कंटेट को बढ़ावा देना है। मैं एसटीएक्स फिल्म्स और टेंपल हिल प्रोडक्शंस के साथ पार्टनरशिप को लेकर रोमांचित हूं, जो कि 'का' की महत्वकांक्षाओं और क्रिटि-विटी को शेयर कर रहे हैं।'


# अर्थराइटिस के पुराने दर्द का भी उपचार कर सकता है एक्यूपंक्चर

वैकल्पिक चिकित्सा आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का काम करती है। इसी का एक हिस्सा है एक्यूपंक्चर, जो आपको गंभीर और पुराने दर्द से भी राहत दिला सकती है। एक्यूपंक्चर हजारों सालों से उपयोग होता आ रहा है। लेकिन इससे मिलने वाले लाभ के बारे में धीरे-धीरे लोगों को पता चल रहा है। इस तरह के इलाज में दवाएं शामिल नहीं होती हैं। यह एक सुरक्षित, दवा से मुक्त इलाज का तरीक होता है। कई रिसर्च से पता चला है कि एक्यूपंक्चर घुटने के दर्द, पुराने ऑस्टियोआर्थराइटिस, पीठ के निचले हिस्से में दर्द और गर्दन के दर्द से राहत दिलाने में काफी प्रभावी है।

**क्या कहते हैं दर्द के आंकड़े-** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में हर छह में से एक व्यक्ति किसी न किसी रूप में अर्थराइटिस से पीड़ित है। यह आंकड़ा कुल जनसंख्या का लगभग 15 से 17% है। अर्थराइटिस के अलावा पीठ दर्द भारत में अन्य 25 से 30% लोगों को प्रभावित करता है। जबकि मस्कुलोस्केलेटल डिसआर्डर 20 से 25% लोगों में क्रोनिक दर्द के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस तरह के डिसऑर्डर से नसों, टेंडन, जोड़ों, मांसपेशियों और लिगामेंट प्रभावित होता हैं। इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक देश में लगभग 50 मिलियन लोग फ्रैक्चर से पीड़ित हैं। पश्चिमी देशों की तुलना में भारतीयों में हड्डियों का मिनिरल लेवल 15% कम है, जिससे भारतीयों में जल्दी फ्रैक्चर होता है।

**कोविड-19 ने और बढ़ाया है दर्द-** भारतीय आबादी में मौजूद दर्द की व्यापकता को कोविड-19 महामारी ने और बढ़ा दिया है। हमारे देश की आबादी की हड्डियों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। इसका कारण यह है कि लोग घर के अंदर ज्यादा समय बिता रहे हैं। कम चलने फिरने, बदलती लाइफस्टाइल, खराब पोश्चर, घर के अंदर अपर्याप्त काम करने की जगह और विटामिन डी की कमी होने से हर उम्र के लोगों में हड्डियों संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं।

**युवा महिलाओं में भी बढ़ रहा है ऑस्टियोआर्थराइटिस का जोखिम-** विशेष रूप से युवा महिलाएं ऑस्टियोआर्थराइटिस रोग की चपेट में हैं। इनमें से लगभग 30 मिलियन या अधिक युवतियों का वजन सामान्य से ज्यादा है। इसलिए यह एक बड़ी चिंता का विषय है। युवा आबादी के लिए इस दर्द को झेल पाना लंबे समय की समस्या हो जाता है। जिससे उनकी प्रोडक्टिविटी और रिश्ते भी प्रभावित होते हैं।




**शरीर में होने वाला दर्द और एक्यूपंचर-** जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट के उप मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनोदा कुमारी के मुताबिक पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी के हिसाब से खुद को ढालने में लगी है। घर पर रहकर लंबे समय तक काम करने के कारण पीठ के निचले हिस्से, कूल्हे, गर्दन और कंधों में अकड़न के मामलों में वृद्धि हो रही है। हालांकि पेन किलर दवाएं या ओटीसी (ओवर द काउंटर) दवाएं दर्द से कुछ राहत दिलाने में मददगार हो सकती हैं। मगर ये दवाएं दर्द के वास्तविक कारण का इलाज किए बिना लक्षणों को कंट्रोल करती हैं।

# तनाव,थकान या सिरदर्द से परेशान हैं, तो लगाएं चंदन का लेप, हम बता रहे हैं इसके फायदे

तनाव, गुस्सा और चिड़चिड़ान हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर धीमी गति से प्रभाव छोड़ते हैं और एक दिन हम पूरी तरह इनसे घिर चुके होते हैं। आयुर्वेद में चंदन को तनाव कम करने वाली औषधित माना गया है।तनाव, थकान, गुस्सा, चिड़चिड़ापन आपकी मेंटल हेल्थ के लिए धीमे जहर हैं। हम सभी को दिन भर अलग-अलग तरह के तनाव का सामना करना पड़ता है। जिससे कभी-कभी हम इतना ज्यादा झुंझला जाते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य खतरे में आ जाता है। पर इस समस्या के गिरफ्त में आने से प्रारंभिक तौर पर बचना बहुत जरूरी है।शुक्र है कि आयुर्वेद में कुछ ऐसी औषधियों का जिक्र मिलता है, जो आपको प्राकृतिक तौर पर रिलैक्स और कूल करने में मदद करती हैं। ऐसी ही एक औषधि है चंदन । चंदन पाउडर या चंदन का लेप तनाव और दर्द को कम कर आपके मानसिक स्वास्थ्य को फायदा पहुंचाता है।

**धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से भी होता है चंदन का इस्तेमाल** -संदल या चंदन का पूजा-पाठ में विशेष महत्व है। अक्सर चंदन का इस्तेमाल माथे पर टीका लगाने के लिए किया जाता है। पुराने समय से ही यह मान्यता रही है कि माथे पर चंदन का तिलक लगाने से मन शांत रहता है और व्यक्ति का क्रोध भी धीरे-धीरे कम होने लगता है।यह एक खास तरह की लकड़ी है, जो आपको कई तरह के फायदे देती है। इसके पेड़ों से बहुत सुहानी महक आती है। कटने के बाद भी लकड़ी अपनी विशेष सुगंध बरकरार रखती है।




# सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के इंटरनेशनल क्रिकेट में 15000 रन पूरे

नई दिल्ली। भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। रोहित के इंटरनेशनल क्रिकेट में 15000 रन पूरे हो गए हैं। रोहित ने यह कारनामा भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के द ओवल मैदान पर खेले जा रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे टेस्ट के दूसरे दिन किया। रोहित ने ये रन तीनों फॉर्मेट में मिलाकर बनाया है। रोहित इंटरनेशनल क्रिकेट में 15000 रन के आंकड़े को छूने वाले भारत के आठवें क्रिकेटर बन गए हैं।

**विदेशी सरजमीं पर रोहित शर्मा ठोकेंगे पहला शतक, जानिए क्यों आकाश चोपड़ा को है भरोसा-** भारत और इंग्लैंड के बीच लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेला जा रहा पांच मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट अब रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। भारत के पहली पारी में बनाए 191 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी में 290 रन बनाए। पहली पारी में सस्ते पर निपटने के बाद भारत की दूसरी पारी में शुरुआत शानदार रही है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद केएल राहुल और रोहित शर्मा की जोड़ी 43 रन जोड़कर नाबाद लौटी।

# पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने बताया, क्यों नहीं हो सकती है ऋषभ पंत और एडम गिलक्रिस्ट की तुलना

नई दिल्ली। ऋषभ पंत का बल्ला इंग्लैंड दौरे में खामौंश रहा है। इसी वजह से उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पंत ने अभी तक 6 पारियों में सिर्फ 96 रन बनाए हैं। इस सीरीज में उनका औसत 16 का रहा है। इस साल की शुरुआत में पंत ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में मैच विनिंग पारियां खेली थी। इसी वजह से उनके कई फैंस और एक्सपर्ट ने पंत की तुलना ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट से की। हालांकि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ऐसा नहीं मानते हैं। सलमान बट ने अपने यूट्यूब चैनल में अपलोड किए गए नए वीडियो में कहा, कृपया 2-3 साल के अनुभव वाले ऋषभ पंत की तुलना एडम गिलक्रिस्ट जैसे विश्व स्तरीय खिलाड़ी के साथ ना करें। गिलक्रिस्ट मैच विनर थे। वह अपने समय में विश्व स्तरीय गेंदबाजों पर हावी रहते थे। अब केवल कुछ टॉप क्लास के पेसर हैं और पंत ने अब तक केवल कुछ अच्छी पारियां खेली हैं।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला टीम को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना

नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। मैच शुरू होने से पहले खिलाड़ियों को क्वारंटाइन में रहना है। बीसीसीआई अधिकारी के अनुसार खिलाड़ियों को ब्रिसबेन के होटल के छोटे से कमरों में क्वारंटाइन किया गया है। खिलाड़ियों ने 14 दिन के कड़े क्वारंटाइन के चार दिन ही बिताए हैं और इसका असर खिलाड़ियों पर पड़ना शुरू हो गया है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि सरकार द्वारा मुहैया कराए जाने वाली क्वारंटाइन सुविधा में कमरे बहुत ही छोटे है जिसमें खिलाड़ी केवल हल्का अभ्यास ही कर पा रही हैं। अधिकारी ने कहा, कमरे बहुत ही छोटे हैं। आप इसमें ज्यादा ट्रेनिंग नहीं कर सकते। हालांकि वहां सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं हैं जैसा कि ब्रिटेन में खिलाड़ियों के साथ हुआ था लेकिन फिर भी क्वारंटाइन काफी कड़ा है। हालांकि जो खाना दिया जा रहा है, वो ठीक है और हर दिन खाने का मेन्यू बदल रहा है।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पे भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# गौ रक्षा का स्वागत

गौ रक्षा के संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला बेहद महत्वपूर्ण और विचारणीय है। हमारे समाज में गाय न केवल आर्थिक, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भी व्यापक महत्व रखती है।



राम गोपाल सैनी

यदि उच्च न्यायालय ने गाय के संपूर्ण महत्व को देखते हुए इसे राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव दिया है, तो यह भारत में एक पारंपरिक आस्था को पुष्ट करने वाला कदम है। भारतीय समाज में अनेक समूह और लोग गो मांस का उपयोग करते हैं, लेकिन उच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि गो मांस खाना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है। जीभ के स्वाद के लिए किसी से जीवन का अधिकार नहीं छीना जा सकता। बूढ़ी, बीमार गाय भी खेती के लिए उपयोगी होती है। गाय की हत्या की इजाजत किसी को देना ठीक नहीं है। वास्तव में आज गाय भारतीय कृषि की रीढ़ नहीं है और समय के साथ उसका सम्मान कम भी हुआ है, लेकिन अदालत के फैसले से गाय को नए सिरे से न केवल संरक्षण, बल्कि संवर्द्धन मिलने की संभावना बनेगी। अदालत ने इस बात को भी विशेष रूप से रेखांकित किया है कि भारत में सभी संप्रदाय के लोग रहते हैं और सभी को एक-दूसरे की भावनाओं का आदर करना चाहिए। उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने गाय की हत्या करने वाले एक आरोपी की जमानत याचिका को साक्ष्यों के आधार पर खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया है। किसी भी समाज में किसी पशु को चोरी करके काटने या मारने की इजाजत नहीं दी जा सकती। भारतीय समाज पशुओं के प्रति कुछ ज्यादा ही संवेदना की मांग करता है और महात्मा गांधी ने कभी कहा था कि आपकी पहचान इस बात से होगी कि आप पशुओं के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। खास तौर पर गाय के प्रति भारतीय समाज का मोह सुस्थापित है, इसीलिए देश के 24 राज्यों में गोवध पर रोक है। गाय की उपयोगिता निर्विवाद है। यह माना जाता है कि एक गाय अपने जीवन काल में 410 से 440 लोगों का पेट भरती है, जबकि एक गाय के मांस से महज 80 लोगों का पेट भरता है। मतलब मानवीयता के लिहाज से भी गाय का पालन-पोषण अर्थपूर्ण है। इसमें कोई दोराय नहीं कि मुस्लिम शासकों ने भी इस देश में कभी गो हत्या पर रोक लगाई थी और गाय को हर लिहाज से गुणकारी माना था। कोई आश्चर्य नहीं कि हमारे संविधान में भी गो संरक्षण पर बल दिया गया है। उच्च न्यायालय ने लगे हाथ यह भी कहा है कि सरकार को भी एक विधेयक लाना होगा और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करना होगा और गायों को नुकसान पहुंचाने की बात करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाना होगा।

# गोविंदगढ़ में किसी भी पार्टी को नहीं मिला पूर्ण बहुमत

## - 14 सीटों पर बीजेपी, 11 पर कांग्रेस और 3 पर आरएलपी प्रत्याशी जीते, 3 पर निर्दलीयों का कब्ज़ा

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं उपखंड की गोविंदगढ़ पंचायत समिति में इस बार रोचक मुकाबला देखने को मिला है। इस बार के चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस को टक्कर देने के लिए आरएलपी ने भी प्रत्याशी उतारे में थे। गोविंदगढ़ पंचायत समिति की 31 सीटों में से बीजेपी को 14 सीटें मिली है। कांग्रेस को 11 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। आरएलपी को भी 3 सीटें मिली हैं तो 3 सीटों पर निर्दलीयों ने बाजी मारी है। दोनों ही पार्टियों को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने से अब प्रधान की चाबी निर्दलीयों के हाथ में आ गई है।

वार्ड नंबर 4 से पूर्व विधायक एवं मंत्री रहे रामेश्वर यादव के बेटे नरेंद्र यादव भी निर्दलीय चुनाव जीते हैं। इस चुनाव में नरेंद्र यादव को कांग्रेस का सिंबल दिया गया था। लेकिन नरेंद्र यादव के पिता रामेश्वर की जाति यादव की जगह जाट लिख दी गई थी। इसके चलते कांग्रेस का सिंबल खारिज हो गया था। नरेंद्र यादव ने निर्दलीय नामांकन भी दाखिल किया था। इस परिणाम में बीजेपी के प्रवक्ता विधायक रामलाल शर्मा की साख बच गई है। उधर गोविंदगढ़ पंचायत समिति का सदस्यों का परिणाम घोषित होने के बाद प्रधान के लिए दौड़ भाग




शुरू हो गई है।

वार्ड नंबर 1 में कांग्रेस के जयसिंह, वार्ड नंबर 2 से बीजेपी की कमला देवी, वार्ड नंबर 3 में बीजेपी की नारंगी देवी कुमावत, वार्ड नंबर 4 में निर्दलीय नरेंद्र कुमार यादव, वार्ड नंबर 5 में बीजेपी की गीता देवी, वार्ड नंबर 6 में बीजेपी की सुमन देवी, वार्ड नंबर 7 में बीजेपी के लालचंद यादव, वार्ड नंबर 8 में कांग्रेस के हनुमान सहाय, वार्ड नंबर 9 में बीजेपी के रामस्वरूप यादव, वार्ड नंबर 10 में कांग्रेस की स्नेहलता पारीक, वार्ड नंबर 11 में बीजेपी की ज्योति कुमावत, वार्ड नंबर 12 में आरएलपी की पूजा देवी, वार्ड नंबर 13 में बीजेपी के राधेश्याम, वार्ड नंबर 14 में कांग्रेस के कैलाशचंद यादव, वार्ड नंबर 15 में बीजेपी के रामगोपाल सेरावत, वार्ड नंबर 16 में कांग्रेस की मीनाक्षी सैनी, वार्ड नंबर 17 में बीजेपी की संतोष देवी जांगिड़ ,वार्ड नंबर 18 में कांग्रेस के गोपाल गुलिया, वार्ड नंबर 19 में बीजेपी की सुमन बुनकर, वार्ड नंबर 20 में बीजेपी की संतोष शर्मा, वार्ड नंबर 21 में कांग्रेस के मुकेश कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 22 में निर्दलीय महेश कुमार यादव, वार्ड नंबर 23 में कांग्रेस की केसरी देवी, वार्ड नंबर 24 में बीजेपी की गायत्री देवी, वार्ड नंबर 25 में कांग्रेस के हरफूल कुमावत, वार्ड नंबर 26 में आरएलपी के सोहनलाल, वार्ड नंबर 27 में आरएलपी की गुड्डी यादव, वार्ड नंबर 28 में निर्दलीय सीताराम यादव, वार्ड नंबर 29 में बीजेपी के अनुराधा शर्मा, वार्ड नंबर 30 में कांग्रेस के संपत सिंह और वार्ड नंबर 31 में कांग्रेस के गोगराज ने जीत हासिल की है।

# अवनि लेखरा बनी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की राज्य ब्रांड एम्बेसेडर

जयपुर (हमारा वतन) महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने टोक्यो पैरालिम्पिक में शूटिंग प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली जयपुर की अवनि लेखरा को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और लगन से उन्होंने अपनी समस्त चुनौतियों को साहस के साथ पराजित कर ऐतिहासिक विजय हासिल की है। विभाग द्वारा अवनि लेखरा को "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना की राज्य ब्रांड एम्बेसेडर मनोनीत किया है। ममता भूपेश ने अपने



बधाई संदेश में कहा कि "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना में बेटियों के गौरव की प्रतीक के रूप में अवनि लेखरा को ब्रांड एम्बेसेडर मनोनीत करते हुए विभाग गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रेया गुहा ने अवनि को भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि अवनि लेखरा के माध्यम से समाज में बेटियों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने के लिए सक्षम वातावरण का निर्माण होगा।

# चौमूं नगरपालिका के हर वार्ड में 5 लाख की लागत से बनेगा ओपन जिम पार्क

चौमूं (हमारा वतन) चौमूं नगरपालिका प्रशासन ने विकास कार्यों के साथ-साथ शहर के युवाओं को सौगात दी है। नगरपालिका प्रशासन शहर के प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच लाख रुपए की लागत से ओपन जिम पार्क बनाएगा। इससे युवाओं को फिटनेस का स्तर सुधारने का मौका मिलेगा। शहर के अधिकतर युवा और बच्चों को निजी जिम में जाना पड़ता है और वो भी घर से दूर रहता है। लेकिन अब नगरपालिका प्रशासन ने बोर्ड मीटिंग में प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें शहर के प्रत्येक वार्ड में सभी सुविधाओं से युक्त एक ओपन जिम का निर्माण करवाने का प्रस्ताव है। इन ओपन जिम में प्रत्येक वार्ड के सदस्यों को निःशुल्क एंट्री मिलेगी।



नगरपालिका प्रशासन की ओर से बनाए जाने वाले ओपन जिम पार्क सभी सुविधाओं से युक्त होगा। यहां तमाम प्रकार की खेल सामग्री और सभी प्रकार के जिम संसाधन उपलब्ध रहेंगे। युवाओं को यहां अपनी फिटनेस सुधारने का मौका मिलेगा, क्योंकि कई बच्चे और युवा प्राइवेट जिम ज्वॉइन नहीं कर पाते हैं। अब उनको भी इस ओपन जिम पार्क में निःशुल्क फिटनेस सुधारने का मौका मिलेगा। यहां वार्ड वासी सुबह और शाम के समय अपनी सुविधा से व्यायाम कर सकते हैं।

नगरपालिका चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने बताया कि नगरपालिका विकास कार्य बोर्ड मीटिंग में एक प्रस्ताव पारित किया गया है। जिसमें शहर के प्रत्येक वार्ड में पांच-पांच लाख रुपये की लागत से ओपन जिम पार्क का निर्माण करवाया जाएगा। जल्द ही प्रत्येक वार्ड में पार्कों के निर्माण कार्य को शुरू करवाया जाएगा। जो पुराने पार्क बने हुए हैं, उनको भी जल्दी विकसित करके वहां पर भी ओपन जिम लगाई जाएगी।

# विराज फाउंडेशन का रक्तदान शिविर हुआ संपन्न




चौमूं (हमारा वतन) विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर जयपुर हेल्थ केयर एंड आई केयर सेंटर जयपुर रोड, चौमूं पर कर्नल बजरंग सिंह के मुख्य अतिथ्य व अनुराग शर्मा फिल्म निर्माता के विशिष्ट अतिथ्य एवं प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ ।

पं रामस्वरूप शर्मा ने विधि विधान से स्वस्तिवाचन कर मां गायत्री की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया । इस दौरान कर्नल बजरंग सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है ।रक्तदान कर हम किसी के जीवन को बचा सकते हैं, इससे बड़ा पुण्य का कार्य कोई नहीं है । कार्यक्रम में रक्त की 56 यूनिट एकत्रित हुई तथा 70 मरीजों का इलाज किया गया ।

कार्यक्रम में संरक्षक कृपा शंकर शर्मा, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, संरक्षक डॉ आरएन यादव, संरक्षक डॉ ओम प्रकाश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य, प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ राम प्रकाश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (चिकित्सा प्रकोष्ठ) सीएम सैनी एवं प्रदेशाध्यक्ष (विधि प्रकोष्ठ) संजय प्रधान, प्रदेशाध्यक्ष (शिक्षा प्रकोष्ठ) हरिओम शर्मा, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव डॉ पवन कुमार तिवारी, प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रदेश विधि मंत्री अजय कुमार शर्मा, जिला महासचिव नरेंद्र शर्मा, जिला संगठन मंत्री पंडित रामस्वरूप शर्मा ,तहसील अध्यक्ष अशोक ,चौमूं नगर अध्यक्ष डॉक्टर सीताराम कुमावत, हॉस्पिटल निदेशक डॉ आर के सैनी, आशीष भारद्वाज आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**

**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा